**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 18.04.2025 समय : 1905

**<><><><><><><>**

- केंद्र ने विधिक माप विज्ञान नियम, दो हजार ग्यारह के अंतर्गत 'वाहनों की गति मापने के लिए रडार उपकरण' के लिए नियम अधिसूचित किए।
- यूनेस्को ने भगवद गीता और नाट्यशास्त्र को मेमोरी ऑफ वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया।
- दक्षिण अंडमान के ज़िला योजना समिति की बैठक में आगामी सात वर्षों की रणनीति और दो हजार पच्चीस–छब्बीस की वार्षिक कार्य योजना पर चर्चा की गई।
- श्री विजयपुरम के खेल विभाग की ओर से "खेल विभाग वॉलीबॉल टूर्नामेंट–दो हजार पच्चीस" का आयोजन किया जा रहा है।

<><><><><><><>

केंद्र ने विधिक माप विज्ञान नियम, दो हजार ग्यारह के तहत वाहनों की गति मापने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले रडार उपकरणों के लिए नए नियम अधिसूचित किए हैं। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने आज एक वक्तव्य में कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात प्रवर्तन में निष्पक्षता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ये नियम पहली जुलाई से प्रभावी होंगे। नियमों के तहत, सभी रडार–आधारित गति माप उपकरणों को विधिक माप विज्ञान अधिकारियों द्वारा सत्यापित और मुहर लगाई जानी चाहिए। मंत्रालय ने कहा कि सत्यापित रडार उपकरण सटीकता, विधिक अनुपालन और निष्पक्ष प्रवर्तन सुनिश्चित करेंगे, जिससे पारदर्शिता और सड़क सुरक्षा को प्रोत्साहन मिलेगा और लोगों का विश्वास मजबूत होगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुड फ्राइडे पर प्रभु यीशु मसीह के बलिदान का स्मरण किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा है कि यह दिन हमें प्रेम, सहानुभूति, दयालुता और उदारता की प्रेरणा देता है। आज ही के दिन प्रभु ईसा मसीह को सलीब पर चढ़ाया गया था। यह दिन यीशु मसीह की क्रुस पर चढ़ने और उनके मृत्यु के साथ जुडा हुआ है। गुड फ्राइ–डे के दिन का पालन विशेष रूप से यीशु मसीह के बलिदान के प्रति दुख प्रकट करने के लिए मनाया जाता है। इस सिलसिले मे आज द्वीपों के विभिन्न गिरजाघरों में प्रार्थना सभाएं आयोजित की गई।

<><><><><><><>

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि पिछले दस वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण में पांच गुना वृद्धि हुई है। श्री वैष्णव ने कहा कि मेक इन इंडिया पहल के कारण इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्षेत्र में बड़ा उछाल आया है।

श्री वैष्णव ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल में इलेक्ट्रॉनिक घटक विनिर्माण योजना को मंजूरी दी है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र और मजबूत होगा तथा रोजगार में वृद्धि होगी।

<><><><><><><>

श्रीमद् भगवद ्गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया गया है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि इससे भारत के कालातीत ज्ञान और समृद्ध संस्कृति को वैश्विक मान्यता मिली है। उन्होंने कहा कि गीता और नाट्यशास्त्र दोनों ने सदियों से सभ्यता तथा चेतना को पोषित किया है और इनसे प्राप्त अंतर्दृष्टि दुनिया को प्रेरित करती है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के ज़िला योजना समिति की तीन दिवसीय बैठक का कल समापन हो गया। बैठक में दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद अध्यक्षा एम रजनी ने कैम्पबेल बे राजस्व क्षेत्र सहित दक्षिण अंडमान ज़िले के आगामी सात वर्षों की रणनीति, दो हजार पच्चीस–छब्बीस की वार्षिक कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में श्रम विभाग के सचिव, नगरपालिका सचिव, पुलिस उप–अधीक्षक, और विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष शामिल हुए। विभिन्न विभागों की प्राथमिकता वाली वार्षिक कार्य योजना के मसौदे पर विचार–विमर्श किया गया। इसके साथ ही सांसद, समिति के अध्यक्ष और सदस्यों द्वारा विभिन्न सुझाव और सिफारिशे दी गई, जिन्हें संबंधित विभागों की अंतिम योजना में शामिल कर शीघ्र क्रियान्वयन का निर्णय लिया गया।

<><><><><><>

भारत सरकार की मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत, अण्डमान निकोबार प्रशासन वन स्टॉप सेंटर योजना को लागू कर रहा है। यह योजना निजी और सार्वजनिक दोनों जगहों पर संकट के दौरान हिंसा से प्रभावित महिलाओं को एकीकृत समर्थन और सहायता प्रदान करेगी। वन स्टॉप सेंटर महिलाओं के खिलाफ किसी भी प्रकार की हिंसा से लड़ने के लिए चिकित्सा, कानूनी, न्यूनतम पांच दिनों का अस्थायी आश्रय, पुलिस सहायता, मनोवैज्ञानिक और परामर्श सहायता सहित कई प्रकार की सेवाएं प्रदान करने का काम करेगी। मध्योत्तर अंडमान ज़िले में वन स्टॉप सेंटर, में मौजूदा रिक्तियों को भर दिया गया है और चयनित उम्मीदवारों को सहायक आयुक्त आशीष जून की उपस्थिति में उपायुक्त नंदिनी महाराज से नियुक्ति पत्र प्राप्त हो गए हैं। पीड़ित महिलाएं महिला हेल्पलाइन नंबर एक आठ एक और कार्यालय संपर्क नंबर 03192—273009 के माध्यम से वन स्टॉप सेंटर पर संपर्क कर सकती हैं।

<><><><><><>

ईस्ट आइलैंड और नारकोंडम द्वीप के लिए अंडमान निकोबार प्रशासन की ओर से एकीकृत द्वीप प्रबंधन योजना का मसौदा तैयार करने के लिए जन—सुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सुनवाई का यह कार्यक्रम उनतीस अप्रैल को सुबह साढ़े दस बजे डिगलीपुर के सहायक आयुक्त कार्यालय के सभागार में होगा।

<><><><><><>

संयुक्त प्रवेश परीक्षा – जेईई मेन दो हजार पच्चीस का परिणाम कल घोषित किया जाएगा। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने यह जानकारी दी।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम के खेल विभाग की ओर से "खेल विभाग वॉलीबॉल टूर्नामेंट—दो हजार पच्चीस" का आयोजन किया जा रहा है। नेताजी स्टेडियम खेल परिसर के बहुउद्देशीय सभागार में युवा क्लबों, सरकारी संस्थाओं, निजी संस्थाओं, क्लबों आदि के पुरुषों एवं महिलाओं के लिए टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में खेल निदेशक विक्रम सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। खेल विभाग वॉलीबॉल टूर्नामेंट में पुरुषों की कुल पच्चीस टीमें तथा महिलाओं की ग्यारह टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन मैच पुरुष टीम के रेज स्पाइकर और ग्रीन क्रैकर्स और महिला टीम की जेनेसिस XII और स्पाइक क्वींस के बीच खेला गया। ग्रीन क्रैकर्स ने रेज स्पाइकर को पच्चीस—बीस, पच्चीस—बाईस से हराया।

<><><><><><>

असम के गुवाहाटी में आयोजित होने वाली सीनियर राष्ट्रीय रग्बी सेवेंस चैंपियनशिप में अंडमान निकोबार की सीनियर पुरुष और महिला रग्बी फुटबॉल टीमें भाग लेंगी। तेईस से अट्ठाईस अप्रैल तक होने वाली चैम्पियनशिप में द्वीपसमूह से चौबीस एथलीट शामिल होंगे। टीमें बीस अप्रैल को गुवाहाटी के लिए रवाना होंगी। इस अवसर पर आज नेताजी स्टेडियम स्थित राज्य ओलंपिक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद एच. जाडवेट ने राष्ट्रीय स्तर पर रग्बी को बढ़ावा देने के लिए एसोसिएशन के निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने रग्बी सहित विभिन्न खेलों में खेल कोटा बढ़ाने के लिए सरकार के प्रयासों की भी सराहना की।

<><><><><><>